VISHAL MEGA MART LIMITED

(Formerly known as Vishal Mega Mart Private Limited)

Corporate & Regd. Office: 5th Floor, Platinum Tower, Plot No. 184
Udyog Vihar, Phase – 1, Gurugram, Haryana-122016, India.
Phone: +91-124-4980000 Fax: +91-124-4980001
Email: secretarial@vishalwholesale.co.in, Website: www.aboutvishal.com

CIN: L51909HR2018PLC073282

Date: August 17, 2026

To	To
National Stock Exchange of India Ltd., Exchange Plaza, C-1, Block G, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai – 400 051 NSE Scrip Symbol: VMM	**BSE Limited** Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Mumbai – 400001 Scrip Code: 544307

Dear Sir/ Madam,

Subject: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")

Pursuant to Regulation 30 read with Part A Para A of Schedule III to SEBI Listing Regulations, we enclose the copies of newspaper advertisement published in Financial Express (English) and Jansatta (Hindi), in compliance with Ministry of Corporate Affairs General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 read with the circulars issued earlier in this regard (collectively referred to as "MCA Circulars") intimating that 8th Annual General Meeting of the Company will be held on Friday, September 18, 2026, at 12:00 Noon (IST) through Video Conferencing (VC) /Other Audio Visual Means (OAVM).

The Newspaper advertisements are also accessible on the Company's website at https://aboutvishal.com/.

You are kindly requested to take the same on record.

Thanking you.

For **Vishal Mega Mart Limited**

Rahul Luthra
Digitally signed by Rahul Luthra
Date: 2026.08.17 11:30:09 +05'30'

Rahul Luthra
Company Secretary & Compliance Officer
ICSI Membership No: F9588

Encl: As above

THE BIG IDEA

BANKBAZAAR

Problem became platform

A FRUSTRATING HOME LOAN SEARCH LED TO A DIGITAL MARKETPLACE FOR FINANCIAL PRODUCTS

BankBazaar co-founders (L-R) Rati Shetty, CPO; Adhil Shetty, CEO; and Arjun Shetty, COO

S SHANTHI

THE IDEA FOR BANKBAZAAR, an online financial marketplace, began with a problem its founders experienced themselves. In 2007, co-founders Arjun Shetty and Rati Shetty were looking for a home loan and found it difficult to compare interest rates, processing fees, foreclosure charges and the different rules followed by banks. The experience led to a simple question: could a digital platform make financial products easier to compare and buy?

They took the idea to their friend Adhil Shetty, now co-founder and CEO, who was then working with Deloitte in the US. He had wanted to build something in India and the concept clicked. Within a month, he quit his job and returned to Chennai, where he began approaching banks and potential team members. "When Arjun and Rati came to me with the BankBazaar concept, it didn't just make sense, it clicked," he said.

The founders did not have much to show the banks at the time. They simply walked in and asked whether they would partner with them. The response was mixed. "We were the consumers; we had experienced the problem ourselves," Adhil said, describing the approach as a "well-informed leap of faith". The exercise also revealed an important constraint: even when customers could start a loan application online, banks still required an in-person meeting. That offline step remained a bottleneck for years.

The company was incorporated and spent about six months building the platform before going live in February 2008. In the early days, there were only three or four people sharing a cubicle. Its first proper office in Chennai had a single custom-made wooden table that could seat 50 people. Everyone worked around it, with no private offices or functional silos.

Watching the platform go live gave the team its first real proof that the idea could work.

> THE COMPANY'S PROPOSITION IS ABOUT COMPARING PRODUCTS AND HELPING CONSUMERS DISCOVER, ACCESS AND MANAGE FINANCIAL PRODUCTS DIGITALLY

"That feeling of seeing something you built actually work is impossible to replicate," Adhil said. The first capital came from personal money put in by a former boss and a close friend, followed by institutional investment from Chennai-based AV Thomas Infotech. BankBazaar has since raised $134 million across 11 rounds and counts Peak XV Partners, Amazon and Experian among its backers. In FY25, the company reported total revenue of ₹254 crore, operating revenue of ₹249 crore and an adjusted Ebitda profit of ₹4 crore. Its business has expanded beyond comparing loans and other financial products to include co-branded credit cards and Credit Strong, a subscription service that uses AI-generated personalised advice to help consumers improve their credit scores.

Execution, however, was harder than the original idea. "Power would go out. We needed a voltage stabiliser. The stabiliser had its own issues, so we needed a transformer," Adhil recalled. The experience forced the team to build technology, operations and basic infrastructure at the same time, and taught them that execution in India often requires solving problems from first principles.

The company also had to change its business model. Initially, it earned money for sending customers to banks, irrespective of whether those leads converted. It later moved towards annuity and co-brand programmes, aligning BankBazaar's revenue more closely with the bank's profitability. The founders also underestimated how much of the customer journey would remain offline. The introduction of video KYC during the Covid period, which removed the need for an in-person meeting, therefore became a significant shift.

The broader idea was to make financial buying less opaque for consumers, but BankBazaar's role evolved as the ecosystem changed. The company says it worked with the industry and policymakers on digital onboarding and video KYC, while continuing to build products around consumer engagement. Today, its proposition is less about simply comparing products and more about helping consumers discover, access and manage financial products digitally. That shift has shaped its evolution from a comparison site into a digital financial marketplace.

Gen Z's borrowing habit fuelling unsecured loans

AANCHAL MAGAZINE
New Delhi, August 16

TWO MUMBAI-BASED teenage girls travelled with their mother to Busan, South Korea, to attend a concert of Korean boy band BTS in June, financing much of their spending through a credit card.

A young couple travelled to Thailand for a vacation last year, spent well beyond their budget on credit cards, and have since then resorted to rotating money through third-party vendors to create artificial cash flow, as per a personal finance post on Reddit warning about funding small luxuries with debt.

While India's household debt has surged in recent years, financial sector regulators are particularly concerned about the composition of that debt. Non-housing retail loans — largely used for consumption — now account for more than half of household borrowings, and have grown faster than housing, agriculture and business loans, a trend flagged in internal discussions among policymakers.

As of March 2026, non-housing retail loans—primarily the consumption segment—constituted 58.4% of households' total borrowings, up from 54.9% of total household debt in March 2025.

Average outstanding debt per borrower rose to ₹4.78 lakh as of March-end 2025, from ₹3.41 lakh as of March-end 2018, according to Ministry of Finance data.

The sharpest increases have come in some categories of personal borrowing. While the risks to the Indian financial system from household lending remain contained, the Reserve Bank of India (RBI) has flagged household debt accumulation, particularly among lower-rated borrowers, as requiring "close monitoring".

Unsecured personal loans remain a particular vulnerability: In the small-ticket personal loan segment of less than ₹ 50,000, fintech firms have gained a higher 56.8% market share, after strong 41.6% credit expansion, well above the overall segment growth of 20.1%. Delinquencies stood at 6.4% as of March 2026. About 70.5% of fintech loan books are unsecured, with roughly half of these loans extended to borrowers under 35.

As per the latest CIBIL TransUnion data, the share of India's credit-eligible population that is credit-active has risen from 11% about a decade ago to around 28% now. Of the credit-eligible population of 890 million, close to one-third have, over the last year, taken a loan or have a loan running, or are paying EMIs or credit card bills.

NON-FOOD BANK CREDIT, OUTSTANDING PERSONAL LOANS (March-end)

	2022	2023	2024	2025	2026
Personal Loans	34,66,075	41,82,767	53,46,691	59,71,696	69,39,750
Consumer Durables	17,834	20,985	23,445	23,201	21,962
Housing*	17,38,473	19,91,164	27,18,712	30,10,477	33,55,963
Education	83,693	96,482	1,19,380	1,37,456	1,55,824
Vehicle Loans	4,04,756	4,87,597	5,73,391	6,22,793	7,38,678
Loans against gold jewellery	74,738	89,370	93,301	2,06,284	4,61,373
Other Personal Loans	9,01,595	11,62,345	14,27,872	15,35,197	17,31,838

Note: figures IN rs cr; Source: RBI* (Including Priority Sector Housing)

Vande Mataram row: Sonia should apologise, says Shah

PRESS TRUST OF INDIA
Jaipur/New Delhi, August 16

THE BJP ON Sunday stepped up its attack over the alleged insult to the national song 'Vande Mataram' during the Independence Day event at the Congress headquarters, with Union Home Minister Amit Shah demanding that Sonia Gandhi apologise to the nation and revered author Bankim Chandra Chattopadhyay for the "sin."

A complaint was filed at the IP Estate police station in Delhi seeking an impartial investigation and appropriate action against Congress leaders, while local BJP leaders lodged a complaint against Gandhi at Urva police station in Karnataka's Mangaluru.

Sumitro Chatterjee, a BJP MLA and a direct descendant of Bankim Chandra, wrote to Gandhi, the Congress Parliamentary Party chairperson, demanding an "unconditional apology over the alleged repeated attempts to stop the singing of the full version" of Vande Mataram at the AICC headquarters on aturday. BJP President Nitin Nabin alleged that Congress has shown disrespect to the national song to serve its "dirty politics of appeasement".

The Congress, which has refuted the allegations, claimed that Shah and the BJP were trying to divert attention from real issues and the "colossal failures of his and his Sahib's".

Bangladesh make history with first Test win in Australia

REUTERS
August 16

BANGLADESH CHASED DOWN 57 runs to complete a landmark nine-wicket victory over Australia in the series opener in Darwin on Sunday in one of test cricket's greatest upsets.

Mominul Haque cut Beau Webster to the fence to seal Bangladesh's first test win in Australia within four days in stifling heat at Marrara Oval, foiling a valiant century from home all-rounder Cameron Green.

The winning boundary triggered jubilation among Bangladesh's players, who jumped and shouted on the sidelines.

"This is the biggest win so far for Bangladesh in any format," said Bangladesh captain Najmul Hossain Shanto.

"Going forward, we want to do something special in the future."

Flooring a full-strength Australia, the world's top-ranked test nation in their own backyard, will be regarded by many as the South Asian nation's finest victory in 26 years of playing the game's longest format.

It took 23 years for Australia to host Bangladesh in a second test series since sweeping them 2-0 in 2003, so Shanto's side were determined to prove their worth.

Bangladesh had heroes throughout the match, but on day four it was spin-bowling all-rounder Mehidy Hasan Miraz striking the decisive blows as Australia were bowled out for 284. Having scored 65 with the bat in Bangladesh's first innings and caught-and-bowled Australia's usual saviour Steve Smith for 44 on day three, Miraz took another four wickets on the final day.

खबर कोना

केजरीवाल को आरोपमुक्त किए जाने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी नेताओं-अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आरोपमुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति मनोज जैन दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की उन अर्जियों पर भी सुनवाई कर सकते हैं, जिनमें सीबीआइ की पुनर्विचार याचिका को सुनवाई योग्य न होने के आधार पर खारिज करने का अनुरोध किया गया है। पहले न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के सामने इस मामले की कार्यवाही का बहिष्कार करने वाले केजरीवाल और सिसोदिया का कहना है कि यह याचिका बेहद जल्दबाजी और बहुत ही गैर-गंभीर तरीके से दायर की गई।

सोशल मीडिया पर दोस्त बने व्यक्ति पर युवती से बलात्कार का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

सोशल मीडिया पर दोस्त बने व्यक्ति ने दिल्ली में 22 वर्षीय एक मेकअप आर्टिस्ट के साथ कथित तौर पर दो बार बलात्कार किया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, महिला ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला की शिकायत के अनुसार, वह पिछले साल सोशल मीडिया के जरिए आरोपी से मिली थी। एक सूत्र ने बताया कि सोशल मीडिया पर दोस्त बने व्यक्ति ने खुद को मेकअप आर्टिस्ट बताया था।

व्यापार महोत्सव में 5,000 करोड़ से अधिक के व्यापारिक अवसर का अनुमान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

नई दिल्ली में चार दिनों तक चले भारतीय व्यापार महोत्सव 5,000 करोड़ से अधिक के व्यापारिक कारोबार का अवसर मिला है। यह दावा कांफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने किया है। इसमें 23 देशों के पहुंचे प्रतिनिधि पहुंचे थे। कांफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं इंडिया ट्रेड प्रमोशन आर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चार दिवसीय भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया था। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि महोत्सव में व्यापारियों, निर्माताओं, निर्यातकों, स्टार्टअप्स, निवेशकों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, उपभोक्ताओं तथा विदेशी खरीदारों सहित 1.8 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया।

दिल्ली जल बोर्ड ने किया एलान

पुराने बिल पर अधिभार माफी की अवधि मार्च तक बढ़ाई गई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

5.27 लाख से अधिक उपभोक्ता उठा चुके हैं योजना का फायदा। अब तक 3,261 करोड़ का अधिभार माफ। 815.84 करोड़ की मूल बकाया राशि वसूली।

दिल्ली जल बोर्ड ने पानी के बिल का देरी से भुगतान करने पर लगने वाले अधिभार (एलपीएससी) की 100 फीसद माफी योजना की अवधि बढ़ा दी है। पहले यह योजना 15 अगस्त 2026 तक लागू थी, जिसे अब बढ़ाकर मार्च 2027 तक कर दिया गया है। दिल्ली सरकार ने रविवार को इसकी घोषणा की। योजना का लाभ घरेलू और गैर-घरेलू दोनों श्रेणी के उपभोक्ताओं को मिलेगा।

बता दें कि इस योजना के तहत अब तक 5,27,514 घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित हो चुके हैं। पुराने पानी के बिलों पर लगाए गए 3,261 करोड़ रुपए के अधिभार को माफ किया जा चुका है। वहीं, दिल्ली जल बोर्ड ने इस दौरान 815.84 करोड़ रुपए की मूल बकाया राशि भी वसूल की है। दिल्ली जल बोर्ड की यह योजना करीब 14.09 लाख घरेलू और 70,312 वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पुराने पानी के बिलों का निपटारा करने का अवसर देती है। इसके तहत उपभोक्ता अपनी मूल बकाया राशि जमा कर देरी से भुगतान पर लगे अधिभार से पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं।

सरकार का कहना है कि योजना से उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के साथ दिल्ली जल बोर्ड को वास्तविक बकाया राशि की वसूली में भी मदद मिल रही है। अब अवधि बढ़ाए जाने से अधिक उपभोक्ताओं को पुराने बिलों का भुगतान कर खाता नियमित करने का अवसर मिलेगा।

जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि योजना की अवधि बढ़ाना सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें वित्तीय अनुशासन के साथ आम उपभोक्ताओं की परेशानियों और जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई परिवारों के लिए वर्षों पुराना पानी का बिल लगातार चिंता का कारण बना रहता है। उस पर अधिभार जुड़ता रहने से बकाया राशि इतनी बढ़ जाती है कि उसका भुगतान करना मुश्किल हो जाता है।

दिल्ली न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी की दलील खारिज की

सड़क हादसे में दिव्यांग हुए व्यक्ति को 2.92 करोड़ मुआवजे का आदेश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी की इस दलील को खारिज कर दिया कि पीड़ित हेलमेट नहीं पहनने के कारण लापरवाह था।

दिल्ली के मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने वर्ष 2020 में एक सड़क दुर्घटना में 88 फीसद स्थायी रूप से अपंग हुए 32 वर्षीय एक व्यक्ति को 2.92 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी की यह दलील पूरी तरह खारिज कर दी कि पीड़ित ने हेलमेट नहीं पहना था इसलिए वह खुद भी लापरवाही का जिम्मेदार था। न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया कि हेलमेट नहीं पहनने को सहभागी लापरवाही नहीं माना जा सकता। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि यातायात नियम का उल्लंघन तब तक सहभागी लापरवाही नहीं माना जा सकता, जब तक कि इस बात का कोई सबूत न हो कि उस उल्लंघन की वजह से ही हादसा हुआ था। नीलमणि चौहान की याचिका पर सुनवाई पीठासीन अधिकारी अभिलाष मल्होत्रा कर रहे थे। रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट के कारण नीलमणि स्थायी रूप से 88 प्रतिशत अपंग हो गए हैं और अब वह जीवनभर बिना सहारे के खड़े होने या चलने में असमर्थ हैं।

याचिका के अनुसार, 30 दिसंबर 2020 को लापरवाही से चलाई जा रही कार ने उनके दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि यह पहले ही रिकार्ड पर साबित हो चुका है कि पीड़ित के शरीर का निचला हिस्सा काम नहीं कर रहा है। वह पेशाब करने के लिए भी एक सहायक पर निर्भर हैं क्योंकि वह इसे महसूस नहीं कर सकता है और उसके नियोक्ता ने बयान दिया है कि वे मानवीय आधार पर उसे तब तक वेतन दे रहे हैं जब तक कि इस मामले का फैसला नहीं हो जाता।

अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दिल्ली में 25 नई अटल कैंटीन शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर रविवार को दिल्ली सरकार ने शहरभर में 25 नई अटल कैंटीन की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन, गेट नंबर 3 से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने इस विस्तार की शुरुआत की, जिसके बाद अब दिल्ली में कुल 100 अटल कैंटीन पूरी तरह सक्रिय हो चुकी हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि दिल्ली में 100 अटल कैंटीनों का शुभारंभ अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य योजना नहीं, बल्कि समाज के सबसे जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा-भाव का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः यानी सभी सुखी हों और सभी रोगमुक्त (निरोगी) रहें, की भावना को साकार करते हुए दिल्ली सरकार ने 100 अटल कैंटीन स्थापित करने का निर्णय लिया और आज यह संकल्प पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में विद्यार्थी अपना घर-परिवार छोड़कर छात्रावासों, पीजी में रहते हैं। अब जरूरतमंद विद्यार्थी इस कैंटीन में पौष्टिक व सस्ता भोजन खा सकते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप चिंता मत कीजिए, आपकी सरकार आपके साथ है और अटल कैंटीन आपका पेट भरने का काम भी करेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने आनंद विहार में अटल कैंटीन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आनंद विहार बस स्टैंड के सामने अटल कैंटीन खुलने से जरूरतमंद लोगों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा सकेगा।

तिहाड़ जेल को 200 एकड़ जमीन की तलाश

बाहरी इलाके में बनाने की योजना, डीडीए व जिलाधिकारी को भेजे गए प्रस्ताव

भूपेंद्र पांचाल
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

घनी आबादी से दूर नया जेल परिसर विकसित करने की कवायद। बड़े अपराधियों को जेल में रखने के लिए नरेला में उच्च सुरक्षा वाली जेल का निर्माण किया जा रहा है।

पोर्टल पर कैदियों और मुलाकातियों की आधार लिंक करने पर भी काम हो रहा है।

दिल्ली सरकार ने तिहाड़ जेल को घनी आबादी वाले इलाके से बाहर स्थानांतरित करने की कवायद तेज कर दी है। जेल दिल्ली सरकार के गृह विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है। अब इसे शहर के बाहरी इलाके में स्थानांतरित करने के लिए करीब 200 एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन आबंटन के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), मंडलायुक्त कार्यालय, दक्षिण-पश्चिम जिले के जिलाधिकारी और भूमि एवं भवन विभाग को प्रस्ताव भेजे गए हैं।

आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि तिहाड़ और दूसरी जेलों में बंद कुख्यात बदमाशों, गिरोहबाजों और दूसरे बड़े अपराधियों को जेल में रखने के लिए नरेला में उच्च सुरक्षा वाली जेल का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर करीब 200 से ज्यादा ऐसे कुख्यात अपराधियों को कड़ी सुरक्षा में रखा जा सकेगा। इस कड़ी में अब तिहाड़ जेल को भी स्थानांतरित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। बताया जाता है कि अतिसुरक्षित जेल के पास ही दो सामान्य जेलों के निर्माण करने की योजना पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अभी जमीन का आबंटन होना बाकी है।

सूत्र बताते हैं कि नए जेल परिसर के विकास और तिहाड़ जेल के स्थानांतरण या उसके पुनर्विकास की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस मामले में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल में बैठक की। जिसमें दिल्ली सरकार के गृह और दिल्ली कारागार विभाग को कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। गृह (कारागार) विभाग के अधिकारियों ने भी अवगत कराया है कि दो प्रस्तावित नई जेल निर्माण के लिए जमीन आबंटित करने के लिए भूमि स्वामित्व वाली एजंसियों यानी डीडीए और अन्य विभागों को 200 एकड़ जमीन के लिए अनुरोध प्रस्ताव भेजा गया है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के मुख्य सचिव को भूमि आबंटन से जुड़े मामले को प्राथमिकता पर लेने को कहा गया है। मुख्यमंत्री की ओर से मुख्य सचिव को निर्देशित भी किया है कि वो भूमि आबंटन मसले पर डीडीए के साथ बातचीत करें और उसके समक्ष मामले को उठाया जाए।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ई-प्रिजंस पोर्टल को ज्यादा दुरुस्त और पुख्ता बनाने पर काम किया जा रहा है। पोर्टल पर कैदियों और मुलाकातियों की आधार लिंक करने पर भी काम हो रहा है। आने वाले दिनों में जेल में कैदियों और उनसे मिलने आने वालों, दोनों का आधार आथेंटिकेशन करने का काम और तेज किया जाएगा। आंकड़ों पर गौर करें तो अभी तक केवल ई-प्रिजंस पोर्टल पर 4,838 आधार नंबर को ही कैदी पहचान संख्या (पीआइडी) से जोड़ने का काम किया जा सका है जबकि, कुल 20,915 आधार नंबर को पीआइडी लिंक करने का काम किया जाना है। इस तरह के मामले में जेल अधिकारियों को चंडीगढ़ माडल का अध्ययन करने की सलाह भी दी गई है।

बढ़ते अपराध पर सरकार उदासीन : भारद्वाज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। आप के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कल्याणपुरी में दिनदहाड़े सफाईकर्मी की हत्या से दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में बढ़ते अपराध के बावजूद भाजपा सरकार पूरी तरह उदासीन नजर आ रही है। आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि वह अनिल की हत्या के मामले में न्याय की मांग कर रहे सफाई कर्मचारियों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी जरूरी है। कुलदीप कुमार ने सरकार से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने के साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की।

पहले दिन डीडीए कर्मजीवी आवास योजना के 50 फीसद से अधिक फ्लैट बिके

नई दिल्ली, 16 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली विकास प्राधिकरण के कर्मजीवी आवास योजना 2026 के तहत पहले ही दिन 50 फीसद से अधिक फ्लैट बिक गए हैं। इस योजना के तहत कुल 1,218 फ्लैटों में से 661 फ्लैटों की बुकिंग पहले ही दिन हो गई। डीडीए का कहना है कि आवासों की बढ़ती मांग और डीडीए की किफायती तथा बनकर तैयार आवासीय पहल के प्रति लोगों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

ई-मंत्रिमंडल प्रणाली लागू करने की तैयारी में दिल्ली सरकार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 16 अगस्त।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रणाली की खास विशेषता यह है कि इसमें प्रत्येक मंत्री और अधिकारी को उसकी जिम्मेदारी के अनुसार अलग-अलग स्तर की डिजिटल पहुंच दी जा सकती है।

देश के कई राज्यों की तर्ज पर अब दिल्ली सरकार भी ई-कैबिनेट प्रणाली को लागू करने की तैयारी में जुट गई है। योजना को लागू करने से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआइसी) के विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा भी की है। इस दौरान ऐसी डिजिटल व्यवस्था पर विचार किया गया, जिसके जरिए दिल्ली सरकार की मंत्रिमंडल बैठकों की पूरी प्रक्रिया कागज रहित, अधिक सुरक्षित, तेज और पारदर्शी बनाई जा सके। ई-कैबिनेट जैसी व्यवस्था लागू करने से मंत्रिमंडल बैठकों से जुड़ी पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री का मानना है कि दिल्ली सरकार प्रशासनिक सुधारों और सुशासन के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-कैबिनेट जैसी व्यवस्था लागू करने से निर्णय लेने की गति बढ़ेगी, गोपनीय दस्तावेजों की सुरक्षा मजबूत होगी और विभागों के बीच समन्वय भी अधिक प्रभावी बनेगा। इस प्रणाली के माध्यम से मंत्रिमंडल बैठकों से जुड़े सभी दस्तावेज जैसे मंत्रिमंडल नोट्स, बैठक का एजंडा, उससे जुड़े संबंधित दस्तावेज, मंत्रिमंडल के निर्णय और बैठक की कार्यवाही, सुरक्षित डिजिटल माध्यम से तैयार, साझा और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाए जा सकेंगे।

इससे कागजों पर निर्भरता लगभग समाप्त होगी और पूरी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रणाली की खास विशेषता यह है कि इसमें प्रत्येक मंत्री और अधिकारी को उसकी जिम्मेदारी के अनुसार अलग-अलग स्तर की डिजिटल पहुंच दी जा सकती है। मंत्री, मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, विभागीय सचिव जैसे सभी अधिकृत अधिकारी केवल अपनी आवश्यकता के अनुसार संबंधित दस्तावेज देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था में मंत्रिमंडल नोट्स जमा करने, उनकी जांच करने, मंजूरी देने, संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और भविष्य के लिए सुरक्षित रिकार्ड के रूप में संरक्षित करने जैसी पूरी प्रक्रिया आनलाइन संचालित की जा सकती है। इससे अनावश्यक देरी कम होगी।